OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**
**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 9

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 50 **Total Marks:** 50 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **50 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** प्रश्न निर्देशों के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश : इस प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों–'क' तथा 'ख' में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।**

## खंड ( क ) : कौशल आधारित प्रश्न

**I. *एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न* *(1-Key answer)***

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को केवल <u>एक</u> सही विकल्प का चयन करना है।**

**1. खड़ी बोली का एक दूसरा नाम क्या है?**
(A) ब्रज (B) कौरवी
(C) मारवाड़ी (D) कन्नौजी

**2. हिंदी में किस स्वर के लिए मात्रा-चिह्न नहीं बनाया गया है?**
(A) आ (B) ए
(C) ऋ (D) अ

**3. शब्द किसके तंत्र में बँधा होता है?**
(A) दूसरे के तंत्र में (B) केवल अपने तंत्र में
(C) (A) तथा (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**4. 'अपचार-उपचार' श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द-युग्म के लिए समानार्थी शब्द-युग्म है–**
(A) निरादर – लगातार (B) सहारा – अर्चना
(C) दुराचार – इलाज (D) अनाज – इलाज

**5. 'शिक्षक' शब्द संज्ञा का कौन-सा भेद है?**
(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक
(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

**6. 'अधोपतन' शब्द का सही संधि-विच्छेद है–**
(A) अध + पतन (B) अधो + पतन
(C) अधः + पतन (D) अधि + पतन

**7. 'नामिक क्रिया' वह क्रिया है–**
(A) जिसका कोई-न-कोई नाम होता है।
(B) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + क्रिया के मेल से होती है।
(C) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + प्रत्यय के योग से होती है।
(D) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + अकर्मक क्रिया के योग से होती है।

**8. 'तुम <u>अपने-आप</u> यह काम कैसे करोगे?' वाक्य का रेखांकित अंश कौन-सा सर्वनाम है?**
(A) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम (B) संबंधवाचक सर्वनाम
(C) निजवाचक सर्वनाम (D) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम

**9. 'तुम उस आदमी से ऐसे क्यों बात कर रही हो? वह कोई ..................... नहीं है।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प है–**
(A) अंधों में काना राजा (B) अक्ल का दुश्मन
(C) ऐरा-ग़ैरा नत्थू ख़ैरा (D) आँख का अंधा नाम नयनसुख

**10. 'हमको आपसे बात करने का नहीं।' वाक्य का सही रूप है–**

(A) हमको आपको बात नहीं करने का। (B) हमको आपसे बात नहीं करनी।
(C) हम आपसे बात करने का नहीं। (D) हम आपसे बात नहीं करने का।

**11. समुच्चयबोधक अव्यय इनमें से क्या नहीं करता है?**

(A) दो शब्दों को जोड़ता है। (B) दो पदबंधों को जोड़ता है।
(C) दो संबंधबोधकों को जोड़ता है। (D) दो वाक्यों को जोड़ता है।

**12. किस वाक्य में 'नामो-निशान मिटा देना' मुहावरे का उचित प्रयोग हुआ है?**

(A) अधिक दिनों तक कक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण अध्यापक ने स्कूल से उसका नामो-निशान मिटा दिया।
(B) सफ़ेदी करा कर मैंने घर की दीवारों पर पड़े नामो-निशान मिटा दिए।
(C) चोरी करने के बाद होशियार चोर अपने नामो-निशान मिटा जाते हैं।
(D) यदि पाकिस्तान ने हमारे देश पर आक्रमण किया तो हम उसका नामो-निशान मिटा देंगे।

**13. 'नदी कल-कल करती हुई बह रही है।' इस वाक्य में रेखांकित अंश कौन-सा पदबंध है?**

(A) क्रिया पदबंध (B) क्रियाविशेषण पदबंध
(C) संज्ञा पदबंध (D) विशेषण पदबंध

**14. 'ओछे की प्रीति, बालू की भीति' लोकोक्ति का सही अर्थ है–**

(A) क्षुद्र आदमी का प्रेम अस्थिर होता है। (B) छोटे आदमी की बात अविश्वसनीय होती है।
(C) छोटे आदमी की बातों का कोई आधार नहीं होता। (D) छोटा आदमी मन का मैला होता है।

**15. कौन-सा वाक्य 'कर्मवाच्य' का है?**

(A) उन्होंने सभी मकानों को गिरा दिया। (B) उन लोगों से पाँच किलोमीटर तक नहीं दौड़ा गया।
(C) प्रशासन द्वारा समस्त भवन आवंटित कर दिए गए। (D) बच्चों से नहीं चला गया।

**16. 'मुझे ········· व्यंजन बहुत पसंद है।' इस वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विशेषण चुनिए।**

(A) लज़ीज़ (B) चौड़ा
(C) कमज़ोर (D) सज्जन

**17. लिंग किसका गुण है?**

(A) संज्ञा का (B) क्रिया का
(C) विशेषण का (D) क्रियाविशेषण का

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 18 से 20 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

- भारतेंदु हरिश्चंद्र को हिंदी-साहित्य के आधुनिक युग का प्रतिनिधि माना जाता है। उन्होंने कवि वचन सुधा, हरिश्चंद्र मैगज़ीन और हरिश्चंद्र पत्रिका निकाली, साथ ही अनेक नाटकों की रचना की। उनके प्रसिद्ध नाटक हैं– चंद्रावली, भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी। ये नाटक रंगमंच पर भी बहुत लोकप्रिय हुए। इस काल में निबंध, नाटक, उपन्यास तथा कहानियों की रचना हुई। इस काल के लेखकों में बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र, राधा चरण गोस्वामी, उपाध्याय बदरीनाथ चौधरी 'प्रेमघन', लाला श्रीनिवास दास, बाबू देवकीनंदन खत्री और किशोरी लाल गोस्वामी आदि उल्लेखनीय हैं। इनमें से अधिकांश लेखक होने के साथ-साथ पत्रकार भी थे।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सी पत्रिका भारतेंदु हरिश्चंद्र ने नहीं निकाली थी?**

(A) हरिश्चंद्र नाटिका (B) कवि वचन सुधा
(C) हरिश्चंद्र मैगज़ीन (D) हरिश्चंद्र पत्रिका

**19. कौन-सा नाटक भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नहीं है?**

(A) चंद्रावली (B) भारत दुर्दशा
(C) अंधेर नगरी (D) परीक्षा-गुरु

**20. भारतेंदु युगीन लेखकों की कौन-सी विशेषता के बारे में बताया गया है?**

(A) सभी लेखकों ने नाटक लिखे थे।

(B) अधिकांश लेखक होने के साथ-साथ पत्रकार भी थे।

(C) अधिकांश लेखक केवल साहित्य रचना ही करते थे।

(D) तीनों उत्तर गलत।

**21. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है–**

(A) रमेश और महेश के बीच केवल एक दर्जे का अंतर और रह गया है।

(B) आखिर उसको कुछ तो पोजीशन का खयाल रखना चाहिए।

(C) जब से माता जी ने गृह-प्रबंध अपने हाथ में लिया है तब से घर में लक्ष्मी आ गई हैं।

(D) मेरे रहते तुम्हारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

**22. किस वाक्य में '<u>वह</u>' सर्वनाम का प्रयोग निश्चयवाचक सर्वनाम के रूप में हुआ है?**

(A) वह चुपचाप बैठा रहता है। (B) वह जहाँ भी है खुश है।

(C) वह मुझसे बाज़ार में मिली थी। (D) वह उठाकर यहाँ लाओ।

**23. हम <u>गरमियों में</u> शिमला जाएँगे। वाक्य के रेखांकित अंश में कारक है–**

(A) अपादान कारक (B) अधिकरण कारक

(C) संप्रदान कारक (D) करण कारक

**24. इनमें से कौन राजस्थानी हिंदी की बोली नहीं है?**

(A) निमाड़ी (B) भीली

(C) कन्नौजी (D) मारवाड़ी

**25. इनमें से कौन द्विगु समास का लक्षण है?**

(A) द्विगु समास का पूर्वपद गौण तथा उत्तरपद प्रधान होता है।

(B) इसका तीसरा पद अर्थ के केंद्र में होता है।

(C) इसके दोनों पद गौण होते हैं।

(D) इनमें से कोई नहीं।

**26. किस वाक्य में 'कौन' का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं हुआ है?**

(A) <u>कौन</u> था जो इतनी ज़ोर से चीख रहा था? (B) <u>कौन</u> होगा जो मेरी बात नहीं मानेगा?

(C) उस पुराने घर में <u>कौन</u> रहता है? (D) <u>कौन</u> लोग थे जो वोट माँगने आए थे?

**27. इनमें से कौन मिश्र वाक्य है?**

(A) मैंने अपने मित्र का बहुत इंतज़ार किया पर वह नहीं आया।

(B) मुझे मालूम था कि तुम नहीं पहुँचोगे।

(C) आप पहुँच जाएँगे या मैं पहुँच जाऊँगा।

(D) सारे लोग यहीं रुकेंगे और कल दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**28. 'रोहित <u>नदी के दूसरी तरफ</u> बढ़ा जा रहा है।' इस वाक्य का रेखांकित पदबंध है–**

(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) क्रियाविशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

**29. 'पढ़े फ़ारसी बेचे तेल, यह देखो किस्मत का खेल' लोकोक्ति का सही अर्थ है–**

(A) योग्यता के अनुरूप कार्य करना
(B) योग्यता के अनुरूप कार्य न करना
(C) कार्य करने की योग्यता का न होना
(D) कार्य करने की योग्यता का होना

**30. संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?**

(A) बी०आर० अंबेडकर
(B) राजेंद्र प्रसाद
(C) कृष्ण स्वामी अय्यर
(D) सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

## II. *बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न* *(2-Key answer)*

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. कौन-से दो कथन 'हिंदी' तथा 'उर्दू' के विषय में असत्य हैं?**

(A) 'उर्दू युक्त हिंदी' हिंदी भाषा की एक शैली है।
(B) उर्दू बाईं ओर से दाईं ओर तथा हिंदी दाईं ओर से बाईं ओर लिखी जाती है।
(C) उर्दू की लिपि 'फ़ारसी' है तथा हिंदी की देवनागरी।
(D) उर्दू का विकास भी हिंदी की तरह देवनागरी से हुआ है।

**32. 'जिसे जीता न जा सके' के लिए कौन-से दो शब्द सही हैं?**

(A) अजेय
(B) दुर्जेय
(C) अपराजेय
(D) पराजेय

**33. 'ड़/ढ़' व्यंजनों के उच्चारण के संबंध में कौन-से दो कथन असत्य हैं?**

(A) 'ड़/ढ़' व्यंजन मूर्धन्य व्यंजन नहीं हैं।
(B) संस्कृत में 'ड़/ढ़' व्यंजन नहीं थे। इनका विकास हिंदी में हुआ है।
(C) हिंदी शब्दों में जब 'ड/ढ' ध्वनियाँ दो स्वरों के बीच में आईं तो उनका उच्चारण क्रमशः 'ड़/ढ़' हो गया।
(D) 'ड़/ढ़' व्यंजनों को अर्ध-स्वर कहा जाता है।

**34. संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से दो कथन सही हैं?**

(A) पहले शब्द की अंतिम ध्वनि में परिवर्तन होता है।
(B) दूसरे शब्द की पहली ध्वनि में परिवर्तन होता है।
(C) शब्द में परिवर्तन होता है।
(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं।

**35. कौन-से दो वाक्यों का रेखांकित अंश संप्रदान कारक में हैं?**

(A) वह <u>इलाज के लिए</u> अमेरिका गई है।
(B) शिकारी ने <u>शेर को</u> मार डाला।
(C) मैंने <u>पिता जी को</u> सेब दिए।
(D) उसने <u>चाकू से</u> फल काटे।

**36. कौन से दो विशेषण भाववाचक संज्ञा से नहीं बने हैं?**

(A) कँटीला
(B) कलंकित
(C) गुलाबी
(D) प्यासा

**37. किन दो मुहावरों के अर्थ 'मूर्ख व्यक्ति' या 'मूर्खतापूर्ण कार्य करने वाले व्यक्ति' से संबंधित हैं?**

(A) अक्ल का अंधा
(B) अंधे के हाथ बटेर लगना
(C) आँखों में धूल झोंकना
(D) अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना

**38. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-से दो वाक्य शुद्ध हैं?**

(A) आप कौन-सी किताब पढ़ना चाहते हैं?
(B) गावस्कर जो भूतपूर्व कप्तान थे, विश्वविख्यात खिलाड़ी हैं।
(C) आप इधर मत बैठो।
(D) मुझे किताब खरीदनी है।

**39. 'जिसे त्यागा न जा सके या छोड़ा न जा सके' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाले दो शब्द हैं–**

(A) आवश्यक
(B) ज़रूरी
(C) अनिवार्य
(D) अपरिहार्य

**40. किन दो वाक्यों के रेखांकित संज्ञा पद कर्ता कारक में हैं?**

(A) <u>अध्यापिका</u> कक्षा में पढ़ा रही हैं।
(B) अध्यापिका ने <u>बच्चों को</u> नसीहत दी।
(C) अध्यापिका <u>कलम से</u> चित्र बनाती हैं।
(D) <u>अध्यापिका</u> से तेज़ नहीं बोला जाता।

**41. किन दो वाक्यों में संज्ञा उपवाक्य का प्रयोग हुआ है?**

(A) उस छात्रा को बुलाइए, जिसने काव्य-पाठ किया है।
(B) मैंने पहले ही कहा था कि आज मैं दिल्ली पहुँच जाऊँगा।
(C) जब हम सबने उसे समझाया तब वह मानी।
(D) सभी लोग जानते हैं कि तुम विवादी हो।

**42. निम्नलिखित में से किन दो कवियों का संबंध निर्गुण भक्ति-धारा से है?**

(A) तुलसीदास
(B) रैदास
(C) कबीर
(D) नंददास

## खंड ( ख ) : उच्च चिंतन कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को <u>एक</u> सही विकल्प का चयन करना है।**

**43. नीचे दी गई शब्द-शृंखला के रिक्तस्थान के लिए उचित शब्द चुनिए।**
**टिकटघर → लाठीचार्ज → रेलगाड़ी → ..................**

(A) कपड़ामिल
(B) पानदान
(C) फ़िज़ूलखर्च
(D) जेलख़ाना

**44. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनिए–**

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (क) जोड़ने का कार्य | (*i*) लेकिन, मगर, किंतु |
| (ख) विरोध प्रदर्शित करने का कार्य | (*ii*) इसलिए, अतः, ताकि |
| (ग) कारण-परिणाम बताने का कार्य | (*iii*) या, अथवा, चाहे |
| (घ) विकल्प बताने का कार्य | (*iv*) और, तथा, एवं |

(A) (क)-(*iv*), (ख)-(*i*), (ग)-(*ii*), (घ)-(*iii*)
(B) (क)-(*ii*), (ख)-(*iii*), (ग)-(*iv*), (घ)-(*i*)
(C) (क)-(*iii*), (ख)-(*i*), (ग)-(*ii*), (घ)-(*iv*)
(D) (क)-(*iv*), (ख)-(*iii*), (ग)-(*i*), (घ)-(*ii*)

**45. कौन-सा शब्द-समूह असंगत है?**

(A) उज्ज्वल, प्रज्ज्वल, धोखा
(B) पुण्य, ज्ञानी, अतिशयोक्ति।
(C) व्यावहारिक, आशीर्वाद, रामायण
(D) प्रदर्शनी, न्योछावर, महँगा

**46. लोकोक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करते हुए सही विकल्प चुनिए।**

**कथन– (क) लोकोक्तियाँ जीवन के भोगे हुए यथार्थ को व्यंजित करती हैं।**

**(ख) लोकोक्तियाँ किसी क्रिया को पूरा करने का काम करती हैं।**

**(ग) लोकोक्तियों का प्रयोग किसी कथन के खंडन या मंडन के लिए किया जाता है।**

**(घ) लोकोक्तियाँ पूर्ण वाक्य होती हैं।**

**विकल्प–**

(A) कथन (क), (ख) और (ग) सही हैं।
(B) कथन (क), (ग) और (घ) सही हैं।
(C) मात्र कथन (ग) सही है।
(D) मात्र कथन (घ) सही है।

**47. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए–**

| रेखांकित पदबंध | पदबंध का नाम |
|---|---|
| (*i*) दशरथ के पुत्र राम ने रावण का वध किया। | (*i*) संज्ञा पदबंध |
| (*ii*) गरीबों के मसीहा आप को कौन नहीं जानता? | (*ii*) विशेषण पदबंध |
| (*iii*) गीत गाती हुई लड़कियाँ नृत्य कर रही हैं। | (*iii*) सर्वनाम पदबंध |
| (*iv*) माँ नौकर से खाना बनवा रही हैं। | (*iv*) क्रिया पदबंध |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

(A) (*i*) और (*ii*)
(B) (*ii*) और (*iii*)
(C) (*i*) और (*iii*)
(D) (*i*) और (*iv*)

**48. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए–**

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (1) आज तेज़ हवा चल रही है। | (*i*) निषेधात्मक वाक्य |
| (2) तुम बाज़ार से कब लौटे? | (*ii*) आज्ञार्थक वाक्य |
| (3) तुम मेरे साथ चलो। | (*iii*) कथनात्मक वाक्य |
| (4) वह थोड़े ही खाना बनाएगा। | (*iv*) प्रश्नवाचक वाक्य |

**विकल्प–**

(A) (1)-(*ii*), (2)-(*iii*), (3)-(*i*), (4)-(*iv*)
(B) (1)-(*iii*), (2)-(*iv*), (3)-(*ii*), (4)-(*i*)
(C) (1)-(*ii*), (2)-(*iii*), (3)-(*iv*), (4)-(*i*)
(D) (1)-(*iv*), (2)-(*ii*), (3)-(*iii*), (4)-(*i*)

**49. 'ख' के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सही है?**

(A) अघोष, कंठ्य, महाप्राण, स्पर्शी व्यंजन
(B) सघोष, तालव्य, अल्पप्राण, ऊष्म व्यंजन
(C) अघोष, मूर्धा, महाप्राण, अंत:स्थ व्यंजन
(D) सघोष, ओष्ठ्य, अल्पप्राण, ऊष्म व्यंजन

**50. शृंखला पूरी करने के लिए उपयुक्त क्रिया का चयन कीजिए–**

सुलाना → भिजवाना → खिलाना → ( )

(A) चलवाना
(B) भेजना
(C) लिखाना
(D) दौड़ाना